हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 1 मार्च 2025


तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री


11 श्री चैतन्य टैक्नो स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी





11 बाबा श्याम खाटू के भजनों पर झूमे श्रद्धालु




## खबर संक्षेप

### कार की चपेट में आने से डेढ़ वर्षीय बच्चे की मौत

जींद। जलालपुरा में गली में खेल रहे डेढ़ साल के बच्चे की कार की चपेट में आने से मौत हो गई। बच्चा नाना के घर आया हुआ था और गली में खेल रहा था। तभी गाड़ी चालक ने बिना देखे गाड़ी को बैक कर दियाए जिससे बच्चा टायर के नीचे आ गया। कैथल के गांव प्योदा का डेढ़ वर्षीय यूविन कई दिन से नाना जयसिंह के घर पर गांव जलालपुरा कलां आया हुआ था।

### धोखाधड़ी के आरोपी को किया गिरफ्तार

कैथल। चीका क्षेत्र से चावल खरीदने के नाम पर 69.41 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले की जांच सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई पारस की अगुवाई में एएसआई प्रवीन कुमार की टीम द्वारा आरोपी जीवन प्राण सोसायटी अहमदाबाद गुजरात निवासी रिंकू जेठवानी को राजस्थान के पीनाना से काबू कर लिया गया।

### कार ने मारी टक्कर टैंपो चालक घायल

जींद। गांव गुलकनी के निकट तेजरफ्तार कार ने लोडिंग टैंपों को टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव बवानीखेड़ा निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपना लोडिंग टैंपों लेकर जींद से अपने घर जा रहा था।

### महिला की जहर से मौत पति समेत तीन पर केस

जींद। गांव दनौदा कलां में संदिग्ध हालात में महिला की जहर से मौत होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने पति समेत तीन के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच का रही है। गांव दनौदा कलां निवासी गांधी की पत्नी दीपा (28) ने गत दिवस संदिग्ध हालात के चलते जहरीले पदार्थ के प्रभाव से हिसार ले जाया गया। जहां शाम उसकी मौत हो गई।

### ससुरालीजनो ने दामाद को पीटा, तीन नामजद

जींद। महिला थाना के निकट हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राम नगर रोहतक रोड मोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका उसकी पत्नी के साथ विवाद चला आ रहा है। जिसकी शिकायत महिला थाने में दी गई थी।

### बैठक में निपटाएं बिजली संबंधित शिकायतें

कैथल। उत्तर हरियाणा वितरण बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक 4 व 25 मार्च को यूएचबीवीएन कार्यालय कैथल, 11 मार्च को यूएचबीवीएन कार्यालय पूंडरी, 18 को यूएचबीवीएन गुहला कार्यालय के सभागार में आयोजित होगी।

### योगेश ने संभाला मार्केट कमेटी सचिव का कार्यभार

जींद। उचाना मार्केट कमेटी सचिव का कार्यभार योगेश गुप्ता ने संभाला। उचाना मार्केट कमेटी में वो 2012 से 2015 तक अकाउंटेंट के पद पर भी कार्य कर चुके है। उचाना में उनका तबादला चरखीदार से हुआ है। गुप्ता ने कहा कि किसानों, आढ़तियों को किसी तरह की परेशानी सीजन में नहीं आने दी जाएगी।

### जींदः श्री श्याम होली महोत्सव 13 मार्च को

जींद। आगामी 13 मार्च को फायर बिग्रेड के पास वाली मंडी में श्री श्याम होली महोत्सव का आयोजन हो रहा है। श्री श्याम परिवार उचाना मंडी द्वारा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। विकास गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन शाम छह बजे होगा। पुष्प वर्षा एवं मनमोहक झांकी कार्यक्रम को शोभा को बढाएगी।

# कैथल : संजीव शर्मा बने जिला बार एसोसिएशन के प्रधान

## हेमराज उपप्रधान, सचिन सिंगल सचिव, अमित रोहिल्ला सहसचिव और दिनेश कुमार भाटिया बने कोषाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला बार एसोसिएशन कैथल के कार्यालय में शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में 1260 में 1151 वोट पोल हुए। जबकि तीनों पदों में 29 वोट रद्द हुए। प्रधान पद के मुकाबले में एडवोकेट संजीव शर्मा ने उनके मुकाबले में चुनाव लड़ रहे प्रदीप धारीवाल को 264 वोटों से हराया और प्रधान बने। संदीप शर्मा को 704 वोट मिले। जबकि प्रदीप धारीवाल को 540 वेट मिले और सात वोट रद्द हुए। इसी प्रकार से उपप्रधान पद के लिए



कैथल। बार एसो.के चुनाव में विजयी रहे प्रत्याशियों का स्वागत करते समर्थक।

चुनाव लड़ रहे हेमराज वधवा ने संजीव सैनी सीवन को 36 वोटों से हराया। हेमराज वाधवा को 589 वोट मिले और उनके मुकाबले में संजीव सैनी को 553 वोट मिले और नौ वोट रद्द हुए। वहीं सचिव पद में सचिन सिंगल ने उमेश मलिक को 30 वोटों से हराया है। सचिन सिंगल को 584 वोट मिले। जबकि उनके मुकाबले में चुनाव लड़ रहे उमेश मलिक को 554 वोट मिले और 13 वोट रद्द हुए। एसोसिएशन में सहसचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए केवल एक-एक नामांकन पत्र आए थे। इनमें सहसचिव पद पर अमित रोहिल्ला और कोषाध्यक्ष पद पर दिनेश कुमार भाटिया का एकमात्र नामांकन होने पर उन्हें निर्विरोध चुन लिया गया है। बता दें कि कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर बार के वकीलों में काफी उत्साह रहा। इसमें प्रधान, उपप्रधान और सचिव पद के लिए आमने-सामने का मुकाबला रहा। चुनाव प्रक्रिया में मतदान से एक दिन पहले ही चुनाव अधिकारी ने निजी कारणों से इस्तीफा दिया था। ऐसे में काउंसिल चंडीगढ़ ने चुनाव करवाने के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया था। इन अधिकारियों की देखरेख में ही तीन ऑब्जर्वर भी नियुक्त किए थे। यह मतदान प्रक्रिया सुबह नौ बजे से शुरू हुई, जो शाम पांच बजे तक जारी रही।

### सुरेंद्र हांडा बने गुहला कोर्ट बार एसोसिएशन के प्रधान

गुहला-चीका। गुहला कोर्ट बार काउंसिल के चुनाव में 93 मतदाताओं में से 90 वकीलों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस चुनाव में प्रधान पद के लिए सुरेंद्र उर्फ विक्की हांडा और इकबाल बोपाराय के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। परिणामस्वरूप, सुरेंद्र हांडा ने 50 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी इकबाल बोपाराय को 40 मत मिले। इससे पहले, उप-प्रधान, सचिव, सहसचिव और कोषाध्यक्ष पदों के लिए सर्वसम्मति से उम्मीदवार चुने गए थे। अजय कुमार मेहता को उप-प्रधान शुभम गर्ग को सचिव, ईश्वर चंद को सहसचिव और रविंदर सिंह राणा को कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुना गया। जीवन सिंह नैन ने बताया कि गुहला बार एसोसिएशन में आमतौर पर पदाधिकारी सर्वसम्मति से चुने जाते हैं, लेकिन इस बार प्रधान पद के लिए मतदान हुआ। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए।

## जींद-कैथल में 10वीं की गणित विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

# पहले दिन नहीं मिला नकल का कोई केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

### सड़कों पर गूंजते रहे पुलिस के सायरन

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की गणित विषय की परीक्षा शुक्रवार को भी शांतिपूर्वक संपन्न हुई। शुक्रवार को हुई परीक्षा में नकल का कोई मामला सामने नहीं आया। वहीं वीरवार को 12वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा भी नकल रहित रही थी। दोपहर साढ़े 12 बजे परीक्षा शुरू हुईए जो साढ़े तीन बजे तक चली। विद्यार्थियों को आधे घंटा पहले केंद्रों में प्रवेश दिया गया। वहीं परीक्षा केंद्रों के बाहर शरारती तत्वों पर नजर बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। उडऩदस्ता टीम समय-समय पर केंद्रों का निरीक्षण करती रही। जिलेभर से राजकीय और प्राइवेट स्कूलों के दोनों कक्षाओं के लगभग साढ़े 36 हजार विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। इसमें से 10वीं कक्षा के 21 हजार से अधिक और 12वीं कक्षा के साढ़े 15 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हैं। 10वीं की वार्षिक परीक्षाएं 28 फ रवरी से 19 मार्च तक और 12वीं की परीक्षाएं 29 मार्च तक होगी। परीक्षा को लेकर जिले में 86 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें से जींद ब्लॉक में 39ए नरवाना ब्लॉक में 15, उचाना ब्लॉक में 17 और सफीदों ब्लॉक में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। तीन मार्च को 10वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा होगी। जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा ने कहा कि जिलेभर में शुक्रवार को 12वीं कक्षा की परीक्षा नकल रहित रही है।



जींद। परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। फोटो :हरिभूमि



कैथल। परीक्षा को लेकर बैठक व्यवस्था देखती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### कैथलः 75 परीक्षा केंद्रों पर हुई 10वीं की परीक्षा

कैथल। हरियाणा विद्यालय बोर्ड की 12वीं कक्षा के बाद शुक्रवार को जिलेभर में 10वीं की परीक्षाएं शुरू हुई। इसके तहत जिलभर में बनाए गए 75 परीक्षा केंद्रों में 10वीं के विद्यार्थियों ने हिंदी की परीक्षा दी। जिले में 10वीं की भी पहली परीक्षा में नकल का कोई केस नहीं मिला। वहीं, इस परीक्षा में पूरे जिले में करीब 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बता दें कि शिक्षा विभाग की ओर से जिले में परीक्षा को नकल रहित करवाने के लिए उड़नदस्ता की सात टीमों का गठन किया गया है। इसमें चार कैथल और दो-दो उड़नदस्ता की टीमें कलायत और गुहला में अपनी ड्यूटी दे रही हैं। हिंदी की परीक्षा होने के चलते विद्यार्थियों में परीक्षा को लेकर खासा उत्साह रहा। यह परीक्षा भी दोपहर साढ़े 12 बजे शुरू होकर साढ़े तीन बजे तक जारी रही। परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को दोपहर 12 बजे से पहले ही प्रवेश देना शुरू कर दिया गया था। गौरतलब है सीबीएसई और हरियाणा बोर्ड की ओर से करवाई जा रही बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर जिला प्रशासन की ओर से धारा 163 को भी लागू किया गया है। ऐसे में परीक्षा केंद्र में पांच से अधिक लोगों के एकत्रित होने और फोटो स्टेट व स्टेशनरी की दुकानों को बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं।

## कैथलः डीटीपी अमले ने फतेहपुर स्थित दो अवैध कॉलोनियों पर चलाया पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला नगर योजनाकार कार्यालय ने जिला प्रशासन के सहयोग से फतेहपुर में बनी दो अवैध कालोनियों में बनी रोड नेटवर्क तथा 10 डीपीसी को शुरूआती चरण में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। डीटीपी राज कीर्ति बतौर डयूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहीं। बताया कि डीटीपी कार्यालय का अमला पुलिस बल के साथ अवैध कॉलोनी को हटाने के लिए जेसीबी मशीन सहित मौके पर पहुंचा और मौके पर बनी रोड नेटवर्क व डीपीसी को हटाने का कार्य किया। जिला नगर योजनाकार राज कीर्ति ने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में फतेहपुर में अवैध कालोनी काटे जाने का मामला आया था, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भू स्वामियों और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके निर्माण विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने वाले आदेश दिए गए थे, लेकिन भू-स्वामियों द्वारा न तो मौके पर बनाए जा रहे अवैध निर्माण को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया गया। इसके बाद एचडीआर. एक्ट 1975 के प्रावधानों के अनुसार जिला प्रशासन की मदद से उक्त तोड़-फोड़ की कार्रवाई की गई। कहा आमजन सस्ते रेटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में बिल्कुल भी न आएं।



कैथल। अवैध कालोनियों को हटाती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि



कैथल। सामान्य पर्यवेक्षक वंदना दिसोदिया पोलिंग बूथों का निरीक्षण करते।

### सामान्य पर्यवेक्षक ने किया पोलिंग बूथों का निरीक्षण

कैथल। सामान्य पर्यवेक्षक वंदना दिसोदिया ने दो मार्च को होने वाले चुनाव को लेकर कलायत नगर पालिका के विभिन्न बूथों निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सबसे पहले उन्होंने राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला, जगदेव चौपाल, विश्वकर्मा चौपाल तथा भट्ट चौपाल में बनाए गए बूथों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार बिजली, पानी, रैंप, व्हील चेयर व अन्य बुनियादी सुविधाएं मुहैया होनी चाहिए। किसी भी मतदाता को कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। मतदान के दिन दिव्यांग वोटरों की सुविधा के लिए विशेष रूप से व्हीलचेयर की व्यवस्था की जाए तथा रैंप भी पूरी तरह से सुविधाजनक होने चाहिए। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

### अमेरिका भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी

कैथल। कैथल के गांव कठवाड़ में चार आरोपियों ने एक युवक से अमेरिका भेजने के नाम पर 51 लाख रुपए ठग लिए। पैसे लेने के बाद न तो उसे विदेश भेजा, उल्टा उसे जान से मारने और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव कठवाड़ निवासी विकास ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2022 में उसकी मुलाकात कुरुक्षेत्र निवासी देवेंद्र से हुई। देवेंद्र युवाओं को विदेश भेजने का काम करता है। उसने देवेंद्र के सामने अमेरिका जाने की इच्छा जताई। इसके लिए आरोपियों ने 55 लाख रुपए खर्च होने की बात कही। आरोपियों पर भरोसा करके उसने अपने दस्तावेज और 30 लाख देवेंद्र और उसकी पत्नी श्रवणजीत कौर को दे दिए। जल्द काम का दिलाते रहे भरोसा आरोपी ने कहा कि जल्द अमेरिका का वीजा लगवा देंगे।

# छात्रों की भूख हड़ताल समाप्त

- सीआरएसयू में भूख हडताल पर बैठे छात्र नेता की हालत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विवि में एक साल से होटल मैनेजमेंट की प्रैक्टिकल कक्षाएं नहीं लगने पर विद्यार्थियों की भूख हडताल शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रही। भूख हडताल पर बैठे छात्र नेता लकी चौहान की तबीयत खराब हुई। जिस पर उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। अस्पताल में डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, फिजिशियन डा. विनिता ने लकी चौहान की जांच की। जांच में लकी चौहान का बीपी पाया। जिस पर उसे गुलुकोज के साथ अन्य उपचार दिया गया। किसान छात्र एकता संगठन प्रदेश अध्यक्ष छात्र नेता सुमित ने छात्रों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते यह निर्णय लिया और भूख हडताल स्थगित की। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी हैंडबॉल महिला प्रतियोगिता के आयोजन को ध्यान में रखते हुए संगठन ने यह फैसला लिया है कि वर्तमान परिस्थितियों में आंदोलन को विराम देना ही उचित रहेगा ताकि विश्वविद्यालय की छवि बाहर के राज्य हुए राज्य के आए हुए छात्रों के सामने धूमिल न हो। किसान छात्र संगठन के नेतृत्व में छात्र नेता अभिषेक जुलाना छात्र मोहित, छात्र गोविंद सैनी और अन्य विद्यार्थियों ने बताया कि जब तक हमारे प्रेक्टिकल की कक्षाएं व उसका सामान जो पिछले डेढ़ साल तक डिपार्टमेंट के पास नही है वह नहीं आ जाता है और हमारे प्रेक्टिकल की क्लास नहीं लगती है तब तक हम इसी धरने पर बैठे रहेंगे।अभिषेक जुलाना, मोहित, गोविंद सैनी ने बताया कि वो पिछले छह महीने से कभी अपने इंचार्ज तो कभी चेयरपर्सन डीन ऑफ अकेडमिक डीएसडब्ल्यू कुलसचिव लवलीन मोहन, कुलपति सोमनाथ सचदेवा से बार-बार मुलाकात कर चुके हैं कि एक साल से होटल मैनेजमेंट की प्रैक्टिकल कक्षाएं नही लग रही है।

# पुलिस वाले की गुंडागर्दी, बिंडों से युवकों को पीटा

- पुलिस ने मारपीट करने वाले कर्मी के खिलाफ दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पुलिस के जवान ने बावर्दी दो युवकों की जमकर पिटाई की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में आसपास के लोग पुलिसकर्मी को रोकने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन पुलिसकर्मी बिंडे के साथ युवक को पीटता रह रहा है। जिस युवक को पुलिस कर्मी पीट रहा है, उसका कहना है कि उनकी कार को पुलिस कर्मचारी ने ही टक्कार मारी और उसी ने उनके साथ मारपीट की। युवक पेपर देने के लिए आया हुआ था। बाद में युवकों ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। बधाना निवासी दिनेश व मनीष ने शहर थाना पुलिस को शिकायत में बताया कि वीरवार शाम को 12वीं की परीक्षा देने आए हुए थे। वापसी में जाते समय उनकी कार को पुलिस कर्मचारी की कार ने साइड मार दी। इसके बाद पुलिस कर्मचारी बिना कार को रोके जाने लगा तो उन्होंने उसके पीछे कार लगाई। पुलिस कर्मचारी ने कौशिक नगर में अपने घर के पास जाकर कार रोकी और इसमें से बिंडा निकाल कर लाया। पुलिस कर्मचारी कार में बैठे दोनों युवकों के साथ मारपीट करने लगा। आईआरबी अंबाला में तैनात पुलिस कर्मचारी ईएचसी राजेश कुमार ने बिंडे के साथ दो युवकों को बुरी तरह से पीट रहा है। युवक पुलिस कर्मचारी से ये भी कहते सुन रहे हैं कि वह 12वीं का पेपर देने के लिए आए थे। उनकी कार को पुलिसकर्मी ने ही टक्कर मारी है। इसलिए वह उसके पीछे हो लिए और होर्न मारकर कार को रूकवा रहे थे। पुलिस कर्मचारी ने अपनी वर्दी की धौंस दिखाते हुए उन्हें बुरी तरह से पीटा है। आसपास के लोग छुड़वाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन पुलिस कर्मचारी नही सुन रहा। वहीं पुलिस कर्मचारी ये कहते दिख रहा है कि बार-बार होर्न क्यों मार रहे होए गाड़ी ऊपर चढ़ाने को हो रहे हो।



युवकों की पिटाई करते पुलिसकर्मी।

### मामले की जांच जारी

शहर थाना के जांच अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि दोनों युवकों ने पुलिसकर्मी द्वारा मारपीट की शिकायत दी गई थी। जिस पर पुलिसकर्मी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## परेशानी | दो बार लगाया टेंडर, नही आ रही कोई फर्म आगे

कैसेट न होने से नहीं चल पा रही एक्सरे मशीन, टीबी वार्ड में एक्सरे करवाने को मजबूर मरीज

# नागरिक अस्पताल में एक्सरे मशीन की कैसेट के लिए लगाया तीसरी बार टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग में स्थापित की गई एक्सरे मशीन की कैसेट डेढ़ माह से खराब है। कैसेट के लिए दो बार स्वास्थ्य विभाग द्वारा टेंडर भी लगा चुका है लेकिन कोई भी फर्म आगे नही आ रही है। टेंडर भी केवल पांच लाख रुपये का है लेकिन कागजी कार्रवाई और नियम व शर्तों को देख फर्म आगे नही आ रही है। ऐसे में डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी एक्सरे मशीन बंद है। जिस कारण एक्सरे के लिए मरीजों को टीबी वार्ड में ही भेजा जा रहा है। यहां मरीजों को हर दिन संक्रमण के बीच एक्सरे करवाने पड़ रहे हैं। अस्पताल में प्रतिदिन 1500 से 1600 से बीच ओपीडी होती है। इनमें लड़ाई झगड़े, सड़क दुर्घटनाओं व अन्य मरीजों की जांच के प्रतिदिन लगभग 180 एक्सरे होते है। नागरिक अस्पताल के नए भवन में एक्सरे मशीन डेढ़ माह पहले खराब हो गई थी। मशीन को ठीक करवाने के लिए कंपनी की तरफ से इंजीनियर बुलाए गए थे। तब इंजीनियर ने बताया था कि मशीन में जो कैसेट चलती थी, वह कंडम हो चुकी है।

जो अब इस मशीन में चल नहीं सकती। इसके लिए नई कैसेट स्वास्थ्य विभाग को मंगवानी होगी। इस कैसेट को मंगवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास बजट नही था। इसमें लगभग पांच लाख रुपये का खर्चा था। जिस पर विभाग द्वारा मुख्यालय को लिखा गया था। बाकायदा विभाग द्वारा दो बार टेंडर भी लगाए गए लेकिन कोई फर्म आगे नही आई। जिसके चलते एक्सरे मशीन धूल फांक रही है। फिलहाल एक्सरे मशीन की कैसेट नहीं होने के कारण एक्सरे रुम के बाहर मशीन के खराब होने का नोटिस चस्पा हुआ है।

### संज्ञान में मामला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि एक्सरे मशीन की कैसेट खराब होने को लेकर दो बार टेंडर लगाए गए हैं। मामला स्वास्थ्य मुख्यालय के संज्ञान में भी लाया गया है। फिलहाल टीबी वार्ड में चल रही मशीन से मरीजों के एक्सरे करवाए जा रहे हैं। उम्मीद है इस बार कोई फर्म जरूर टेंडर ले लेगी।

## जींदः दूसरे दिन भी बूंदाबांदी फसलों के लिए फायदेमंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पश्चिमी विक्षोभ के चलते दूसरे दिन शुक्रवार को भी सुबह हलकी बारिश हुई। गनीमत यह रही कि हवा कि गति कम रही। मौसम के तेवरों से किसानों की धड़कन भी ऊपर-नीचे होती रही। दिनभर बादल छाए रहे और बूंदाबांदी के आसार बने रहे। बारिश को फसलों के लिए फायदेमंद बताया गया है। जिले में औसतन चार एमएम बारिश दर्ज की गई है। जींद में तीन एमएम, नरवाना में साढ़े छह एमएम, सफीदों में तीन एमएम, जुलाना में पांच एमएम, उचाना में तीन एमएम, पिल्लूखेड़ा में चार एमएम, अलेवा मे एक एमएम बारिश दर्ज की गई। अधिकतम तापमान में थोडा इजाफा तो न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 15 डिग्री दर्ज किया है। मौसम में आद्रता 70 प्रतिशत तथा हवा कि गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आगे मौसम परिवर्तनशील तथा शुष्क बना रहेगा। शुक्रवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों तथा रूक-रूक कर हो रही बारिश के साथ हुआ। दिन चढने के साथ बादल हल्के हो गए ।



घोड़े का बच्चा पैदा होने के कुछ देर बाद ही दौड़ और चल सकता है।



मधुमक्खी एक ऐसा जीव है जिसकी पांच आंखें होती हैं।

# डिजिटल सेक्टर में कोर्स कर संवारे भविष्य



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। एक ग्लोबल रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विज़ुअलाइज़ेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

### ये स्किल अहम

1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

### डिजिटल कोर्सेज

सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़िक डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल सेक्टर की इन ट्रेंड्स में कर सकते हैं महारत हासिल

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

### इंफ्लुएंसर मार्केटिंग

आजकल इंफ्लुएंसर मार्केटिंग बढ़ते हुए डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र का एक प्रमुख तरीका है। इसमें मार्केटिंग कंपनियां सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स के साथ अकाउंट चला रहे इंफ्लुएंसर्स का प्रचार में सहारा लेती हैं। आजकल इंस्टाग्राम, फेसबुक व यूट्यूब पर इंफ्लुएंसर मार्केटिंग का तरीका बहुत बढ़ गया है।

### डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

### जॉब ऑप्शन्स

डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

### टॉप रिक्रूटर्स

एफएमसीजी (फ्रास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

### स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है।

---

## इंजीनियर का मुख्य कार्य तेल और गैस के भंडार का पता लगाना

# पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में बेहतर करियर का अवसर, रोमांचक और चुनौतीपूर्ण




डॉ. मोहित बंसल

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी का विकास जरूरी

यदि आप भी गणित और भौतिकी में मजबूत हैं और पृथ्वी विज्ञान, भूगर्भशास्त्र और प्राकृतिक संसाधनों के बारे में रुचि रखते हैं तो आपके लिए अच्छे वेतन और सम्भावनाओं से भरपूर पेशा है पेट्रोलियम इंजीनियर। यह पेशा विशेष रूप से ऊर्जा उद्योग से जुड़ा है, जो विश्व भर में विकासशील और स्थापित अर्थव्यवस्थाओं के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। आज के समय में पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एक बहुत ही महत्वपूर्ण और उच्च वेतन वाला पेशा है। पेट्रोलियम इंजीनियरों का मुख्य कार्य तेल और गैस के भंडार का पता लगाना, उनका निष्कर्षण करना और ऊर्जा के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास करना होता है। इस पेशे में तकनीकी ज्ञान और विश्लेषणात्मक सोच की आवश्यकता होती है, साथ ही पेट्रोलियम संसाधनों का कुशल प्रबंधन भी बहुत महत्वपूर्ण है। पेट्रोलियम इंजीनियरिंग का कार्य न केवल उर्जा उत्पादन को बढ़ावा देता है, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा जरूरतों को भी पूरा करने में मदद करता है।



### करियर काउंसलर से लें सलाह

अपने लिए किसी भी करियर को चुनने से पहले, करियर काउंसलर की सलाह लेना हमेशा फायदेमंद होता है, ताकि आप अपने कौशल और रुचियों के आधार पर सही दिशा में कदम बढ़ा सकें। इसके लिए आप www.career-jaano.com पर विजिट कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

**सरकारी संस्थान**

1. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), खड़गपुर
   - कोर्स नाम: बी टेक और एम टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
2. डी. यु. (दिल्ली विश्वविद्यालय), दिल्ली
   - कोर्स नाम: एम्इससी इन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस टेक्नोलॉजी
3. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी), राउरकेला
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
4. ऑयल और गैस इंस्टीट्यूट, गुजरात
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
5. यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस), देहरादून
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

**निजी संस्थान**

1. वेलिंगकर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनजमेंट, मुंबई
   - कोर्स नाम: पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन पेट्रोलियम मैनेजमेंट
2. शिव नादर विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा
   - कोर्स नाम: एम टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
3. आकृति कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, हैदराबाद
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
4. किंगफिशर इंस्टीट्यूट, बैंगलोर
   - कोर्स नाम: एमएससी इन पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी
5. रैज कॉलेज, पुणे
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

### शिक्षा और प्रशिक्षण

1. **बैचलर डिग्री :** पेट्रोलियम इंजीनियर बनने के लिए सबसे पहले आपको एक बैचलर डिग्री की आवश्यकता होती है। यह डिग्री आमतौर पर बी टेक या बी इ के रूप में होती है, जिसमें पेट्रोलियम इंजीनियरिंग, मीन्स, और ग्रीन एनर्जी जैसे विषयों की विशेष जानकारी दी जाती है।
2. **मास्टर डिग्री :** यदि आप इस क्षेत्र में और गहरी विशेषज्ञता हासिल करना चाहते हैं, तो आप एम टेक या एम इस सी इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इस डिग्री से आपको उच्च-स्तरीय तकनीकी ज्ञान और पेट्रोलियम उत्पादन प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल होती है।
3. **डॉक्टरेट (पीएचडी) :** पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में गहरी रिसर्च करने व अकादमिक पेशेवर बनने के लिए पीएचडी इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इस क्षेत्र में शोध से नए तकनीकी समाधान और ऊर्जा संसाधनों के कुशल उपयोग के बारे में नई दिशा पा सकते हैं।

### कौशल और योग्यता

1. **तकनीकी ज्ञान :** पेट्रोलियम इंजीनियर को ऊर्जा क्षेत्र, विशेष रूप से तेल और गैस निष्कर्षण तकनीक में गहरी समझ होनी चाहिए।
2. **समस्या हल करने की क्षमता :** पेट्रोलियम इंजीनियर को खतरनाक और जटिल स्थितियों में समस्याओं का समाधान करने की क्षमता होनी चाहिए।
3. **संचार कौशल :** पेट्रोलियम इंजीनियरों को टीम के साथ प्रभावी रूप से संवाद करने की आवश्यकता होती है, क्योंकि यह क्षेत्र टीम-आधारित कार्यों पर निर्भर करता है।
4. **डाटा विश्लेषण कौशल :** पेट्रोलियम इंजीनियरों को उपकरणों और मापदंडों का विश्लेषण करने में सक्षम होना चाहिए, ताकि वे सटीक निष्कर्ष पर पहुँच सकें।

### नौकरी के अवसर

**निजी क्षेत्र में करियर :** पेट्रोलियम इंजीनियर निजी कंपनियों में काम कर सकते हैं, जैसे ऑयल और गैस कंपनियाँ रिलायंस, ओएनजीसी, एस्सार आयल, जहां वे तेल और गैस निष्कर्षण, उत्पादन, और अन्य संबंधित कार्यों में विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं।

**सरकारी क्षेत्र में करियर :** सरकारी क्षेत्र में ओएनजीसी, आईओसीएल, बीपिसीएल, एचपिसीएल जैसी कंपनियों में पेट्रोलियम इंजीनियर नौकरी कर सकते हैं, जहाँ उन्हें तेल, गैस, और ऊर्जा के क्षेत्र में योगदान देने का अवसर मिलता है।

### वेतन और आय

पेट्रोलियम इंजीनियरों का वेतन अनुभव और कार्यस्थल के आधार पर भिन्न हो सकता है। एक फ्रेश पेट्रोलियम इंजीनियर का वेतन 6,00,000 रुपये से 12,00,000 रुपये प्रति वर्ष तक हो सकता है। अधिक अनुभव वाले पेशेवरों का वेतन 15,00,000 रुपये से 25,00,000 प्रति वर्ष तक हो सकता है।

**रोमांचक करियर :** पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एक चुनौतीपूर्ण लेकिन रोमांचक करियर है, जो न केवल तकनीकी विकास के अवसर प्रदान करता है, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान का अवसर भी देता है। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए सही शिक्षा, कौशल और अनुभव प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि आप इस क्षेत्र में काम करने के इच्छुक हैं, तो उपयुक्त संस्थानों से शिक्षा प्राप्त करना और इसके साथ ही उचित प्रशिक्षण प्राप्त करना आपके लिए लाभकारी हो सकता है।

---

# महाकुंभ की प्रेरणा : विद्यार्थियों के लिए लक्ष्य, समर्पण और ईश्वर की कृपा



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

महाकुंभ मेला, जो दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम है, केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है। यह एक जीवन दर्शन है, जो विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, समर्पण, और ईश्वर की कृपा के महत्व का पाठ पढ़ाता है। यह हमें सिखाता है कि सफलता पाने के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि एक स्पष्ट दिशा, अटूट समर्पण और ईश्वर पर अडिग विश्वास भी आवश्यक है। महाकुंभ में लाखों श्रद्धालु एक ही लक्ष्य लेकर चलते हैं- आत्मिक शुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति। यह लक्ष्य इतना स्पष्ट होता है कि वे सभी कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपने मार्ग पर अग्रसर रहते हैं। विद्यार्थियों के लिए भी यह सबक बहुत महत्वपूर्ण है। जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है।

## लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा

चाहे वह परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना हो, करियर में उचाईयाँ छूना हो, या कोई व्यक्तिगत सपना पूरा करना हो, लक्ष्य के बिना मेहनत बेकार है। लक्ष्य वह मंदिर है जहाँ तक पहुँचने के लिए आपको रास्ता खुद बनाना होगा। यह रास्ता कठिनाइयों से भरा हो सकता है, लेकिन अगर आपका लक्ष्य स्पष्ट है, तो हर चुनौती एक नई सीख बन जाती है। महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह, आपको भी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा।

**सफलता की कुंजी :** जिस तरह महाकुंभ में श्रद्धालु अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण दिखाना चाहिए। समर्पण का अर्थ है – लगातार मेहनत करना, चुनौतियों का सामना करना और कभी हार न मानना। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य परीक्षा में टॉप करना है, तो आपको नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वयं को अनुशासित रखना होगा। यह आसान नहीं होगा, लेकिन समर्पण के साथ आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह, आपको भी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा।

**ईश्वर की कृपा:** मेहनत के साथ आशीर्वाद महाकुंभ में लोग ईश्वर की कृपा पाने के लिए जुटते हैं, लेकिन यह कृपा केवल प्रार्थना से नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाने से मिलती है। विद्यार्थियों को यह समझना चाहिए कि ईश्वर की कृपा हमेशा उनके साथ है, लेकिन यह केवल तभी फल देती है जब आप अपनी मेहनत और लगन से उसे सींचते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप परीक्षा में सफल होना चाहते हैं, तो केवल प्रार्थना करने से काम नहीं चलेगा। आपको पढ़ाई में पूरी मेहनत करनी होगी, और साथ ही ईश्वर पर विश्वास रखना होगा कि वह आपके प्रयासों को सफलता में बदल देंगे।

### विद्यार्थियों के लिए महाकुंभ का संदेश

महाकुंभ हमें सिखाता है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत और ईश्वर की कृपा तीनों का संतुलन ही सफलता का मार्ग है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें, महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह समर्पित रहें, और ईश्वर पर विश्वास बनाए रखें। याद रखें, मेहनत और आशीर्वाद का संगम ही आपको जीवन के महाकुंभ तक पहुँचाएगा। लक्ष्य बड़ा हो, समर्पण गहरा हो, और ईश्वर की कृपा सदैव आपके साथ हो। मेहनत और विश्वास का यह संगम आपको सफलता के शिखर तक ले जाएगा। यह वाक्य न केवल एक प्रेरणादायक संदेश है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का मंत्र भी है।

**लक्ष्य बड़ा हो :** जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले एक बड़ा और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। लक्ष्य वह ध्रुव तारा है जो आपको अंधेरे में भी सही दिशा दिखाता है। चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में उच्च प्राप्तियाँ हों, करियर में सफलता हो, या कोई व्यक्तिगत सपना, लक्ष्य के बिना मेहनत बेकार है। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य एक प्रतिष्ठित कॉलेज में प्रवेश पाना है, तो यह लक्ष्य आपको हर दिन प्रेरित करेगा। आपको पता होगा कि आपको क्या करना है और क्यों करना है। लक्ष्य बड़ा होने से आपकी सोच विस्तृत होती है और आप चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं।

**समर्पण गहरा हो :** लक्ष्य निर्धारित करने के बाद उसे पाने के लिए गहरा समर्पण आवश्यक है। समर्पण का अर्थ है – लगातार मेहनत करना, चुनौतियों का सामना करना और कभी हार न मानना। जिस तरह महाकुंभ के श्रद्धालु अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य परीक्षा में टॉप करना है, तो आपको नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वयं को अनुशासित रखना होगा। यह आसान नहीं होगा, लेकिन समर्पण के साथ आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। समर्पण वह शक्ति है जो आपको लक्ष्य तक पहुँचाती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$* में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप

### माता भ्रामरी जागरण का आयोजन आज

जींद। एक मार्च को देव भूमि बनभौरी में माता भ्रामरी के जागरण का आयोजन होगा। सेवादार दिलबाग शर्मा, राजेंद्र शर्मा ने बताया कि जागरण का आयोजन माता भ्रामरी मंदिर पुजारी परिवार एवं सेवादारों द्वारा किया जा रहा है। पं. रमेश कौशिक, सोनू कौशिक द्वारा माता भ्रामरी का गुणमान अपने गीतों से किया जाएगा।

### जींद: दादा खेड़ा पर हुई मूर्ति स्थापना

जींद। खेड़ी मंसानिया गांव दादा खेड़ा धाम पर पूजा.अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जागरण एवं भंडारा भी आयोजित हुआ। मूर्ति स्थापना से पहले गांव में शोभा यात्रा निकाली गई। मूर्ति स्थापना के बाद हवन का आयोजन हुआ। रामधन गोस्वामी द्वारा दादा खेड़ा की महिमा गीतों के माध्यम से प्रस्तुत की। इसका आयोजन जय दादा खेड़ा सेवा समिति एवं समस्त ग्रामीणों द्वारा किया गया। पं. सत्यनारायण शांडिल्य द्वारा मंत्रोजाप से पूजा.अर्चना करवाई।

### फार्म हाउस से बैट्री व अन्य सामान चुराया

जींद। गांव अहिरका खेतों में फार्म से बीती रात चोरों ने गैस सिलेंडर, बैटरी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव अहिरका निवासी प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परिवार समेत बाहर चला गया था। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सिलेंडर, बैटरी, व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### जीएसटी एमनेस्टी योजना का लाभ लें : विजय कुमार

जींद। केंद्र सरकार द्वारा घोषित जीएसटी एमनेस्टी योजना 2024 के तहत पात्र करदाताओं को बकाया कर पर ब्याज व जुर्माना में छूट दी जाएगी। इसमें उनकी कुल देयता में कमी आएगी और उन्हें मात्र बकाया कर का ही भुगतान करके ब्याज व जुर्माने की माफी के लिए जीएसटी पोर्टल पर आवेदन करना होगा। इस योजना का लाभ उठाने की अंतिम तिथि 31 मार्च है।

### भाजपा ने क्षेत्रवाद को किया खत्मः देवेंद्र अत्री

जींद। दुर्जनपुर गांव में राजेंद्र थलौड के निवास पर पहुंचे भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों की समस्याओं को सुन उनका समाधान करने का काम विधायक ने किया। विधायक ने कहा कि प्रदेश में जो भेदभाव क्षेत्रवाद की राजनीति होती थी खत्म करने का काम भाजपा ने किया। सबका साथ सबका विकास का नारा भाजपा ने दिया था।

### कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन आज होगा

जींद। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा एक मार्च को अर्बन एस्टेट स्थित सर्कल ऑफिस में कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाना और कृषि उत्पादकता को बढ़ाना है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम और कृषि अवसंरचना निधि जैसी प्रमुख योजनाओं पर केंद्रित होगा।

### ई क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दस मार्च तक करें आवेदन

जींद। जिला में 20 फरवरी को कुछ गांवों में ओलावृष्टि और भारी बारिश के कारण रबी फसल को नुकसान पहुंचा था। इसको लेकर प्रभावित किसानों ने जिला प्रशासन को अपनी शिकायतें दर्ज करवाई थी। किसानों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राज्य मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी और ई क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की सिफारिश की।

### एमटीपी किट बेचने वाली फर्म के खिलाफ केस दर्ज

जींद। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गर्भपात की किट ऑनलाइन बेचने वाली फर्म को ट्रैक कर सिविल लाइन थाना पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। किट बिना चिकित्सक परामर्श के देना गैर कानूनी है। बावजूद इसको ऑनलाइन बेचा जा रहा था। गत 18 को विभाग की टीम को ऑनलाइन एमटीपी किट बिक्री के बारे में जानकारी मिली थी।

### खंड स्तर पर रीडिंग प्रमोशन मंथ प्रतियोगिता का आयोजन

# डिबेट कंपीटिशन में कोमल रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

खंड स्तर पर रीडिंग प्रमोशन मंथ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बलबीर कश्यप खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड संसाधन संयोजक राजौंद ने बताया कि खंड स्तरीय रीडिंग प्रमोशन मंथ का आयोजन खंड कार्यालय और राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजौंद में किया गया। बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए टारगेट ग्रुप कक्षा 6 से 8 और कक्षा 9 से 12 के बच्चों को शामिल किया गया।जिसमें पीएम श्री विद्यालय को भी शामिल किया । प्रतियोगिताओं के लिए कैटेगरी इस प्रकार रही। सबसे पहले कक्षा 6 से 8 के बच्चों के लिए हिंदी माध्यम में डिबेट कंपटीशन, वर्तनी कंपटीशन हिंदी भाषा में, स्पेलिंग भी कंपटीशन अंग्रेजी भाषा में,यंग चिल्ड्रंस राइटिंग कंपटीशन आदि शामिल थे। इसी प्रकार कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए हिंदी माध्यम में डिबेट कंपटीशन , अंग्रेजी भाषा में टेंस के ऊपर क्विज, यंग चिल्ड्रन राइटिंग कंपटीशन, यंग चिल्ड्रन पोएट्री कंपटीशन और स्टोरी राइटिंग आदि करवाए गए। बताया कि सभी प्रतियोगिताओ को विभागीय गाइडलाइन के अनुसार करवाया गया। सुनीता बीआरपी कार्यक्रम की नोडल अधिकारी रही। सभी प्रतियोगिताओं में कपिल देव रावमावि सौंगरी गुलियाना,मामला राम पीएम श्री रावमावि सौंगल, रामरतन , राकवमावि राजौंद, राकवमावि राजौंद, पूनम आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सौंगरी , रेखा और सोम सिंह रावमावि सेरहदा, भगवान दास रावमावि जाखौली और राजेंद्र रावमावि कोटड़ा ने जज की भूमिका निभाई। इस दौरान रेनू शर्मा , सुमित्रा देवी सुनीता देवी, अंजलि संदीप, पवन,कुलदीप अशोक कुमार, सुनील और दीपिका सभी ने प्रतियोगिता के अनुसार सभी बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया और अलग-अलग प्रतियोगिताओं का रिजल्ट तैयार किया। सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम में डिबेट कंपटीशन में कोमल,पीएम श्री रावमावि सौंगल ने कक्षा छठी में, दीपांशु राजकीय उच्च विद्यालय तारागढ़ ने सातवीं क्लास में, नव्या आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सौंगरी ने आठवीं क्लास में प्रथम स्थान हासिल किया । स्टोरी राइटिंग में अंकुश रावमावि मंडवाल ने कक्षा छठी में, आशु राजकीय कन्या उच्च विद्यालय भाना ने कक्षा सातवीं में, ट्विंकल राजकीय उच्च विद्यालय तारागढ़ कक्षा आठवीं ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंजलि, रावमावि मंडवाल ने कक्षा छठी में, पवानी राजकीय उच्च विद्यालय भाना ने कक्षा सातवीं में और मन्नत जांगड़ा आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सौंगरी ने कक्षा आठवीं में स्पेल बी में प्रथम स्थान हासिल किया। वर्तनी में प्राची राजकीय उच्च विद्यालय तारागढ़ ने कक्षा छठी में, वंशिका राजकीय उच्च विद्यालय भाना ने सातवीं कक्षा में , पायल राजकीय उच्च विद्यालय भाना ने आठवीं कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया। साक्षी राजकीय उच्च विद्यालय तारागढ़ ने कक्षा नौवीं में , जिज्ञासा रावमावि राजौंद ने कक्षा दसवीं में , अंशु रावमावि भाना ने ग्यारहवीं कक्षा में और रामॉससीसे स्कूल राजौंद के कार्तिक ने बारहवीं कक्षा में डिबेट में प्रथम स्थान हासिल किया। स्टोरी राइटिंग में सोनाक्षी रा कन्या उच्च विद्यालय भाना ने नौवीं कक्षा में, खुशी रावमावि राजौंद ने दसवीं कक्षा में, सिमरन रावमावि राजौंद ने 11वीं कक्षा में और खुशी रावमावि विद्यालय राजौंद ने बारहवीं कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया।



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस दौरान अशोककुमार,दीपिका ,सुनीता बाला,संदीप कुमार,रेनू शर्मा सुनील कुमार,संदीप कुमार,अंजलि, सुनीता, सुमित्रा,ऋषिपाल,सुमन मेहता, दिनेश कुमार, टेक सिंह मौजूद रहे।

# श्री चैतन्य टैक्नो स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यक्रम में गणमान्यों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

शुक्रवार को श्री चैतन्य टैक्नो स्कूल में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि नरेंद्र पहल एवं नवीन ने किया। अवसर पर विद्यालय परिसर के प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि व अभिभावकगण का आदरसहित अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करने के लिए सरस्वती वंदना करके मुख्यअतिथि व अभिभावकगण ने दीप प्रज्जवलन किया गया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूल के छात्र व छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपना मॉडल बनाकर उसे प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया। इस वार्षिक आयोजन में स्कूल के सौ से अधिक विद्यार्थियों ने अपने मॉडल प्रदर्शित किए। इसमें सड़क सुरक्षा, सौर मंडल, पर्यावरण सुरक्षा, स्मार्ट सिटी व सौर ऊर्जा सहित अलग-अलग विषयों को प्रदर्शित किया। हैंड एंड क्राफ्ट का अलग से प्रदर्शनी आयोजित हुई। प्रधानाचार्य डा. नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि श्री चैतन्य टैक्नो स्कूल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान की और अग्रसर करना है ताकि बच्चे हर परिस्थिति पर काबू पा कर जीवन को सुरक्षित व स्वस्थ रख सकें। इस वार्षिक आयोजन में स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया था। प्रदर्शनी का अवलोकन करते नरेंद्र एवं नवीन ने विद्यार्थियों के बनाए मॉडल और उसकी प्रतिभा की सराहना की

### इंटर-हाउस साइंस क्विज प्रतियोगिता हुई

कैथल। एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक भव्य इंटर-हाउस साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने अत्यंत उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। इस अवसर पर गरिमामय उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डायरेक्टर डॉ. विनोद कुमार, चेयरपर्सन निधि कंसल, मैनेजर गौरव गर्ग एवं प्रधानाचार्य डॉ. संत कौशिक ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मां सरस्वती की वंदना के साथ प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम ने पूरे विद्यालय परिसर में ज्ञान और विज्ञान के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार किया।




इंटर-हाउस साइंस क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ करते डा. विनोद।



डा. संजय गोयल को सेवानिवृति पर सम्मानित करते पदाधिकारी

### प्राचार्य को सेवानिवृति पर दी विदाई पार्टी

कैथल। डॉ. संजय गोयल, आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के प्रिंसिपल ने संस्थान को अलविदा कहा। इससे लगभग चार दशकों तक चली उनकी गौरवपूर्ण सेवा का अंत हुआ। सेवानिवृत्ति समारोह में पूरे शासी निकाय, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, सेवानिवृत्त प्रिंसिपलों और सेवानिवृत्त संकाय सदस्यों और शिक्षा क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। डॉ. गोयल इस संस्थान का एक अभिन्न अंग रहे हैं और उन्होंने इसे क्षेत्र के अग्रणी शैक्षिक संस्थानों में से एक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में, कॉलेज ने कई मील के पत्थर हासिल किए हैं, जिनमें एनएएसी /"ए/" ग्रेड मान्यता, प्रमुख बुनियादी ढांचे के उन्नयन, लक्ष्य प्राप्ति प्रोत्साहन योजना (एलपीपीवाई) जैसी छात्रवृत्ति योजनाएं, कॉलेज में अकादमिक और अनुसंधान विकास, और कई अन्य शामिल हैं।

### नशा ना करने बारे किया जागरूक

कैथल। शुक्रवार को पीएसआई रामलाल, एएसआई ओमप्रकाश व होमगार्ड शमशेर सिंह की टीम द्वारा तितरम, खरक पांडवा, कैलरम, सजुमा व बाता में विद्यार्थियों सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील गई। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा समाज के लिए अभिशाप बन चुका है नशा लाखो परिवार बर्बाद कर चुका है और कर रहा है जिसकी वजह से हर साल हजारों नवयुवक नशे की दलदल में फंसकर अपनी जान गँवा बैठे है। युवा देश की नींव है और हमारा युवा को नशा पकड़े हुए है जोकि देश के भविष्य के लिए बहुत बड़ा खतरा है और नशा देश की नींव को कमजोर कर रहा है ऐसे में हमें हर हाल में नशे की लत को छोड़ना होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई व खेल के क्षेत्र में कड़ी मेहनत करके राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।



कैथल। पीएसआई रामलाल नशा न करने बारे जागरूक करते।



कैथल। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा आंगनबाड़ी वर्कर्स के साथ

### एडीसी ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा

कैथल। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने शुक्रवार को पोषण अभियान के तहत गांव खानपुर, मांडी, भूसला व रत्ताखेड़ा में स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों को दौरा किया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को दिए जा रहे आहार की गुणवत्ता और प्रारंभिक शिक्षा आदि के बारे जानकारी ली और राशन की गुणवत्ता को भी जांचा। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र में साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, बैठने की उचित व्यवस्था, खेलने के लिए जरूरी सामान नियमानुसार रखें, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखा जाए। बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आए। यदि कहीं भी कोई भी कमी या जरूरत लगती है तो उच्च अधिकारी के संज्ञान में मामले को लाया जाए।

### सुलतान की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह

जींद। गोपाल विद्या मंदिर वमावि में चालक सुलतान की सेवानिवृत्ति पर विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य अजय कौशिक, सुलतान व उनके कुटुम्ब जनों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर भगवती सरस्वती को नमन किया गया। सुलतान के कुटुबं जनों व उपस्थित अतिथिगण का आचार्य सुशील द्वारा हार्दिक अभिनंदन व स्वागत करते हुए व्यक्तिगत परिचय करवाया गया। अजय कौशिक व विद्यालय परिवार द्वारा सुलतान को पुष्पमाला पहनाकर हार्दिक स्वागत किया गया। गणिताचार्य इंद्रजीत, सुमन, सुशील व अन्य शिक्षक बंधुभगिनी द्वारा अपने खट्टे मीठे अनुभव कार्यक्रम में उपस्थित जनों के साथ सांझा किए गए। प्रधानाचार्य, विभाग प्रमुखों, सुशील, इंद्रजीत, संदीप व सेवादारों ने चालक सुलतान को विद्यालय परिवार की तरफ से उपहार भेंट करते हुए पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया।




जींद। सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में मौजूद चालक। फोटो :हरिभूमि



जींद। बैठक कर रोष जताते निर्माण मजदूर। फोटो :हरिभूमि

### भवन निर्माण कामगार चार को करेंगे प्रदर्शन

जींद। भवन निर्माण कामगार यूनियन की बैठक जिला सचिव संदीप जाजवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में यूनियन के चार मार्च को अंबाला मे होने वाले आक्रोश प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के दस सालों के राज में निर्माण मजदूरों को पंजीकरण व सुविधा समय पर नही मिल रही है। जिससे भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। पूरे दस सालों में भाजपा सरकार अपने राजनीतिक फायदे के लिए बोर्ड के पैसों का दुरुपयोग करके झूठी वाहवाही लूटने का काम किया गया। 10 सालों से भाजपा सरकार बोर्ड के पैसों पर कुंडली मारे हुए है, जो पैसा मजदूरों को देना चाहिए, उस पर बेमानी ऑब्जेक्शन लगाकर फैमिली आईडी की और श्रमिकों की वक्र्सलिप ना करके सुविधाओं से वंचित करके सीएचसी केंद्रों व दलालों को बढ़ावा देने का काम किया गया है।



नरवाना। प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर। फोटो :हरिभूमि

### बेलरखा में विज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन

नरवाना। राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि बेलरखा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस धूमधाम से मनाया गया। अवसर पर मॉडल मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग जैसी विज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सातवीं कक्षा की छात्रा पिंकी ने भाषण देकर विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राध्यापक जीव विज्ञान हरदीप सिंहए प्राध्यापक भौतिक विज्ञान सुनील कुमार प्राध्यापिका रसायन विज्ञान किरणबाला और विज्ञान अध्यापक कपिल कुंडू ने छात्रों को नोबेल पुरस्कार विजेता महान वैज्ञानिक सीए वीए रमन के जीवन और उनकी ऐतिहासिक खोज रमन प्रभाव के वैज्ञानिक जगत में योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्राध्यापक वेद सिंहए बलजीत सिंह ने छात्रों को वैज्ञानिक सोच अपनाने और अनुसंधान के प्रति रुचि विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

# एसडीएम को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव खरकरामजी के पंचायत सदस्यों ने शुक्रवार को एसडीएम सत्यवान मान से मुलाकात की और गांव के सरपंच के दुष्कर्म मामले में जिला कारागार में बंद होने पर बर्खास्त करने की बात कहते हुए गांव के रूके विकास कार्यों को शुरू करवाने की मांग की। खरकरामजी पंचायत मेंबर मुकेश देवी, नरेश ढांडा, नरेन्द्र पंच, सुदेश पंच, सचीन पंच, सुनील पंच, सुमन पंच, पूजा पंच, कविता पंच, पूर्व पंच बलवान ढांडा, श्यामपाल शर्मा व युवा मंडल के सदस्य राकेश कुमार, ललित कुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से गांव खरकरामजी के सरपंच सुरेंद्र गोयत दुष्कर्म मामले में जिला कारागार में बंद हैं। जिसके कारण गांव के विकास के कार्य सभी रूके हुए हैं। गांव के विकास के लिए जो पंचायत की जिम्मेवारी किसी सीनियर पंच को दी जाए ताकि गांव के विकास कार्यों में बाधा ना आ सके। इसके अलावा सरपंच द्वारा गांव में जो कार्य करवाए गए हैं, उनकी जांच करवाई जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरपंच द्वारा बिना अनुमति के पेड़ बेच कर पैसों का गबन किया गया और कई गलियों को पैसे बिना बनाए हुए ही हजम किए हुए हैं। मामले त्वरित कार्रवाई की जाए ताकि गांव के विकास कार्य सुचारू रूप से जारी रहें।



जींद। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए सरपंच। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन

नरवाना। केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना के भौतिक विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। विभागाध्यक्षा पूजा कांसल ने बताया कि पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन में प्रथम स्थान अंजली बीएससी तृतीय वर्ष एद्वितीय स्थान सलोनी और राहुल बीएससी तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान विनीत और भूपेश बीएससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हर्ष बीएससी प्रथम वर्षए द्वितीय स्थान पर राहुल बीएससी तृतीय वर्ष व तृतीय स्थान पर आशीष बीएससी तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है आज के दिन भारत के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ सी?? वी रमन को नोबेल पुरस्कार मिला था। प्राचार्य कृष्ण कुमार ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई दी।

### दो मार्च को होगी बाबा खाटू श्याम प्रतीमा की प्राण प्रतिष्ठा

# बाबा श्याम खाटू के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

नगर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री सतनारायण मंदिर में चल रहे श्री खाटू श्याम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर मंदिर प्रांगण में विशेष भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन मंदिर समिति के प्रधान राकेश गोयल भोला ने किया। दिल्ली से विशेष रूप से पहुंचे भजन प्रवाहक सचिन जैन ने अपने सुमधुर भजनों के माध्यम से बाबा खाटू श्याम को रिझाया और श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

पूरा मंदिर प्रांगण हारे के सहारे की जय, बाबा श्याम की जय व खाटू नरेश की जय के गगनभेदी उद्घोषों से गूंज उठा। कीर्तन के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर समिति के प्रधान राकेश गोयल भोला ने बताया कि मंदिर में हारे के सहारे बाबा श्याम की प्रतीमा की प्राण प्रतिष्ठा करवाई जा रही है। जिसको लेकर मंदिर को दुल्हन की तरह से सजाया गया गया है और भव्य तैयारियां चल रहीं हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिमा स्थापना को लेकर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बाबा श्याम चुलकाना धाम से पदयात्रा करके ज्योति लाई गई है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विद्वान ब्राह्मण निरंतर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 1 मार्च को दोपहर एक बजे नगर में भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी और उसी दिन रात को 8 बजे संकीर्तन होगा। इस निशान यात्रा में सैंकड़ों लोगों के भाग लेने की संभावना हैं। उससे अगले दिन 2 मार्च को प्रातः 10 बजे बाबा श्याम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी और दोपहर 12 बजे विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा इस कार्यक्रम में शिरकत करके धर्म लाभ कमाएं।



सफीदों। बाबा श्याम खाटू की महिमा का गुणगान करते भजन प्रवाहक सचिन जैन। फोटो :हरिभूमि



जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

### समाधान शिविर में एडीसी ने सुनी शिकायतें

जींद। जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल पांच शिकायतें दर्ज की गई। जिनमें से एक का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। शिविर की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने की। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच संवाद का एक प्रभावी मंच है। जहां नागरिक अपनी समस्याओं को सीधे प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं। इन शिविरों के माध्यम से प्रशासनिक प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जा रहा है। जिससे जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। शिविर में पीपीपी, राशन कार्ड, घरेलू हिंसा और सीवर पाइपलाइन लीकेज से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। इन सभी शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपकर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### 2 को मनाएगा महा शिवरात्रि महोत्सव

**सफीदों।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी सफीदों सैंटर 2 मार्च को महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाएगा। यह जानकारी देते हुए सफीदों सैंटर इंचार्ज बहन स्नेहलता ने बताया कि यह भव्य आयोजन नगर के संजय रोज गार्डन में 2 मार्च की सायं 4 बजे होगा। इस कार्यक्रम में गायक ब्रह्माकुमार भानू प्रसाद माऊंट आबू राजस्थान से आकर शिव बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। वहीं मुख्यवक्ता के तौर पर ब्रह्माकुमार भ्राता ओमकार चंद शिरकत करके लोगों को महाशिवरात्रि के महत्व के बारे में विस्तार से बतलाएंगे।

### भड़ताना का राजकीय स्कूल जिले में प्रथम

**जींद।** मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण प्रोत्साहन योजना में जिले के पिल्लुखेड़ा खंड के राजकीय उच्च विद्यालय भड़ताना ने प्रथम स्थान हासिल कर इस बात को सिद्ध किया है कि यदि शिद्दत से कोई काम किया जाये तो उजड़ा हुआ चमन भी गुलजार हो सकता है। प्रथम स्थान आने पर अब स्कूल को प्रोत्साहन के रूप में अच्छी खासी राशि मिलेगी। क्योंकि हरियाणा सरकार की योजना अनुसार जिला स्तर पर प्रथम आने वाले विद्यालय को पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये प्रोत्साहन के रूप में दिए जाते हैं। खंड स्तर पर इस प्रतियोगिता में यह विद्यालय 50 हजार रुपये का पुरस्कार प्राप्त कर चुका है और अब जिले में प्रथम स्थान हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। जिलेभर में सौंदर्यीकरण का खिताब मिलने पर स्कूल में मिठाई बांटी गई। विद्यालय के मुख्याध्यापक कुलदीप सिंह ने बताया कि विद्यालय ने यह मुकाम विद्यालय परिवारए ग्राम पंचायत व विद्यालय प्रबंधन समिति के सहयोग से पाया है।

### किसानों के खेतों से हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** थाना तितरम पुलिस ने चोरी के दो मामले दर्ज किए हैं। गांव हरसोला के आजाद सिंह ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि अज्ञात चोर 26 फरवरी की रात को उसके खेत में बने कमरे में घुसकर वहां पर रखा बिजली का स्टार्टर, बैटरी, पंखा व अन्य सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब 20000 बताई गई है। एएसआई सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।इसी प्रकार से दूसरे मामले में सिसमोर के राजेंद्र ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 26 जनवरी को चोर उसके व जसविंदर, दीपक, राजेंद्र तथा रोहतास के खेतों में ताला तोड़ते हुए छह बिजली स्टारटर, पंखे इनवर्टर, बैटरी व अन्य सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत 20000 बताई गई है।

### मंदिर के दान पत्र से हजारों रुपए चोरी

**कैथल।** ढांड पुलिस ने कौल के मंदिर से दान पत्र तोड़कर हजारों रुपए चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव कौल के धर्मवीर सिंह ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 1 फरवरी को गांव कौल का गगन नामक युवक माता मदानन मंदिर में रखे दान पत्र को तोड़ते हुए उसमें से 12000 रुपये की राशि चुरा कर ले गया। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर जोगेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एसडीएम ने नेशनल हाइवे का दौरा किया

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र ने अधिकारियों की टीम के साथ शहर की मुख्य सड़क विशेषकर नेशनल हाईवे का दौरा किया और यातायात की सुगमता में अव्यवस्थाओं की वजह से आ रही बाधाओं पर कड़ा संज्ञान लिया । एसडीएम ने नेशनल हाईवे के टीम प्रभारी को सख्त हिदायत दी कि आमजन के लिए नेशनल हाईवे पर नॉम्स के अनुसार यातायात आवागमन हर हाल में बनी रहनी चाहिए। रोड़ पर बने गड्ढोंए अनाधिकृत रूप से मानवकृत कब्जोंए बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों पर रोड़ पर निश्चित दायरे से बाहर लगने वाली रेहड़ियों तथा गलत पार्किंग से होने वाली यातायात बाधा से यदि कोई सड़क हादसा या हादसा की आशंका बनती है तो इसके लिए पूर्णतया संबंधित विभाग जिम्मेदार रहेगा ।

---

### तीन मंत्री व प्रदेशाध्यक्ष ने जुलाना में किया प्रचार

# प्रचार के अंतिम दिन भाजपा ने कमल खिलाने के लिए झोंकी पूरी ताकत

**निर्दलीय प्रत्याशी रहे डूर-टू-डोर, भाजपा को टक्कर दे रहे प्रत्याशी ने बुलाए पहलवान**

हरिभूमि न्यूज. जुलाना





**जुलाना।** जुलाना की नई अनाज मंडी में मंत्री श्रुति चौधरी चुनाव कार्यक्रम के दौरान जुलाना तथा जुलाना की नई अनाज मंडी में मंत्री कृष्ण पंवार चुनावी रणनीति बनाते हुए तथा वार्ड 9 में पहुंचे मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो :हरिभूमि

दो मार्च को होने वाले नगरपालिका पाषर्द एवं चेयरमैन के चुनाव के लिए भाजपा ने अंतिम दिन अपनी पूरी ताकत झोंक दी। अंतिम दिन चुनाव प्रचार के लिए तीन मंत्री व प्रदेशाध्यक्ष ने जुलाना में दौराना कर प्रचार किया। मंत्री कृष्ण लाल पंवार, मंत्री कृष्ण बेदी, मंत्री श्रुति चौधरी व प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली ने कार्यक्रम आयोजित कर डा. संजय के पक्ष में धुआंधार प्रचार किया। भाजपा को टक्कर दे रहा निर्दलीय प्रत्याशी जोग्रेंद्र लाठर के पक्ष में पहलवानों ने प्रचार किया। अन्य निर्दलीय प्रत्याशी ने जूलूस निकालकर गली-गली पहुंचकर वोट मांगे। छोटे शहर की चौधर की जंग में भाजपा प्रत्याशी एवं निर्दलीय के बीच मुकाबला कड़ा हो गया है। मुकाबला इतना पेचीदा है कि 13665 वोटों के छोटी से नगरपालिका में चुनाव प्रचार के लिए मुख्यमंत्री को आना पड़ा। नामांकन के बाद प्रतिदिन कोई न कोई भाजपा नेता ने जुलाना में दस्तक दी है। डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, विधायक सफीदों रामकुमार गौतम, विधायक उचाना देवेंद्र अत्री, पूर्व मंत्री अनूप धानक सहित लोकल भाजपा नेता ने प्रत्याशी को जीताने के लिए दिन रात एक की हुई है। भाजपा प्रत्याशी का मुकाबला निर्दलीय प्रत्याशी जोगेंद्र लाठर के साथ दिखाई दे रहा है। इनके बीच पूर्व चेयरमैन के बेटे सुशील कुमार व देव कौशिक भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। भाजपा नेता अपनी टीम के बलबूते पर चुनाव में रफ्तार पकड़ी हुए है और निर्दलीय प्रत्याशी जोगेंद्र लाठर भाईचारा व जुलाना से समस्याओं से निजात की दुहाई देकर अपने पक्ष में माहौल बना रहे हैं।

#### पार्षद पद के लिए उम्मीदवार मैदान में

- वार्ड 1 से मनदीप व सोनिया
- वार्ड 2 से राजपाल और कविता
- वार्ड 3 से खुशीराम और जितेंद्र लाठर
- वार्ड 4 मोनू सर्वसम्मति
- वार्ड 5 रीतूए पूजा और सुजाता
- वार्ड 6 पवन कुमार, संदीप, ओमप्रकाश
- वार्ड 7 रामनिवास, राजेश, प्रदीप, विजय कुमार
- वार्ड 8 से संदीप सर्वसम्मति
- वार्ड 9 से सुभाष चंद, राहूल, अजित, अजय कुमार
- वार्ड 10 से रामभतेरी, मीना व पूजा रानी
- वार्ड 11 से ममता और सोनम
- वार्ड 12 से सुमित, भारत और राकेश कुमार।
- वार्ड 13 से रजनी देवी, ज्योति, रोशनी और मौसमी
- वार्ड 14 से मंजू और सुमित्रा।

#### प्रधान पद के उम्मीदवार

सुनील कुमार
कौशल कुमार
मोहिंद्र सिंह
डा संजय जांगड़ा
दिनेश कुमार
अमरजीत सिंह
ठंडीराम
जोगिंद्र
वकील

#### प्रधानी के लिए 9, पार्षछ बनने के लिए 32 मैदान में

जुलाना कस्बे में शहर की सरकार बनाने के लिए सरगर्मियां तेज हो गई। चुनावी ताल ठोकने वाले अब प्रधान पद के लिए 9 व पार्षद पद के लिए 32 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। जुलाना नपा के पूर्व उप प्रधान विजय बैरागी और उनकी पत्नी सुमित्रा चुनावी मैदान में हैं। पहले विजय बैरागी वार्ड 6 से पार्षद थे। अबकि बार विजय बैरागी वार्ड नंबर 7 से चुनावी मैदान में हैं तो उनकी पत्नी सुमित्रा वार्ड 14 से चुनावी मैदान में हैं।

#### जुलाना नगरपालिका की स्थिति का ब्यौरा

| वार्ड नं. | मतदाता | पुरूष | महिला | आरक्षण स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 984 | 511 | 473 | अनारक्षित |
| 2 | 1002 | 533 | 469 | अनारक्षित |
| 3 | 1129 | 609 | 520 | अनारक्षित |
| 4 | 917 | 511 | 406 | अनुसूचित जाति |
| 5 | 1101 | 567 | 534 | बीसीए महिला |
| 6 | 721 | 385 | 336 | अनारक्षित |
| 7 | 1322 | 694 | 628 | बीसीए |
| 8 | 1015 | 559 | 456 | अनारक्षित |
| 9 | 996 | 522 | 474 | अनारक्षित |
| 10 | 911 | 468 | 443 | अनुसूचित जाति महिला |
| 11 | 1129 | 600 | 529 | बीसी बी महिला |
| 12 | 758 | 396 | 362 | अनुसूचित जाति |
| 13 | 905 | 489 | 416 | अनुसूचित जाति महिला |
| 14 | 773 | 421 | 352 | महिला |
| कुल | 13663 | 7265 | 6398 | |

---

## थमा चुनाव प्रचार, प्रत्याशी आज घर-घर जाएंगे

- पूंडरी में कई दिनों से जारी चुनाव प्रचार का शोरगुल हुआ शांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



**पूंडरी।** लाउडस्पीकर उतारते वर्कर।

पूंडरी में नगर निकाय चुनाव के प्रचार का शोरगुल शुक्रवार शाम 5 बजे थम गया। लेकिन इसके बाद प्रत्याशियों की सक्रियता और रणनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। अब प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क करने में जुट गए हैं। चुनाव प्रचार के दौरान जहां लाउडस्पीकर और बड़े-बड़े जनसभाओं का सहारा लिया जा रहा था, वहीं अब प्रत्याशियों ने घर-घर दस्तक देना शुरू कर दिया है।चुनाव प्रचार समाप्त होते ही प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ऊर्जा मतदाताओं को व्यक्तिगत रूप से मनाने में लगा दी है। कई उम्मीदवार अपने समर्थकों के छोटे-छोटे समूह बनाकर वार्डों में भेज रहे हैं, जो घर-घर जाकर लोगों से समर्थन मांग रहे हैं। मतदाता सूची के आधार पर हर परिवार को टारगेट किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक व्यक्तिगत रूप से पहुंच बनाई जा सके।

चुनाव प्रचार के दौरान कुछ मतदाता नाराज हो गए थे या फिर वे किसी अन्य उम्मीदवार की तरफ झुकाव दिखा रहे थे। अब प्रत्याशी ऐसे मतदाताओं को व्यक्तिगत रूप से मनाने में जुट गए हैं। किसी को पुराने वादों की याद दिलाई जा रही है, तो किसी को नए आश्वासन देकर अपने पक्ष में किया जा रहा है। प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं के घर पहुंचकर चाय-पानी साझा कर अपनापन जताने की कोशिश कर रहे हैं।

### सोशल मीडिया का सहारा

चुनाव प्रचार भले ही बंद हो गया हो, लेकिन डिजिटल माध्यमों का उपयोग जारी है। प्रत्याशी मतदाताओं को व्यक्तिगत कॉल कर समर्थन मांग रहे हैं। व्हाट्सएप और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी संपर्क बनाए रखा जा रहा है। वीडियो संदेशों, ऑडियो क्लिप्स और व्यक्तिगत चैट के जरिए मतदाताओं को रिझाने का प्रयास किया जा रहा है। इस बार चुनाव में युवा और महिला मतदाता अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए प्रत्याशियों ने इन वर्गों को साधने की रणनीति बनाई है। युवा मतदाताओं से उनकी भाषा में संवाद किया जा रहा है, जबकि महिलाओं को लुभाने के लिए उनके घर जाकर उनसे संवाद किया जा रहा है। कुछ प्रत्याशी महिलाओं के लिए विशेष बैठकें भी आयोजित कर रहे हैं।

---

## सोशल मीडिया के इस नए दौर में पत्रकारिता का महत्व बढ़ा : अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि

पहले पत्रकारिता का दायरा काफी सीमित था। समाचार प्रकाशन का अधिकार कुछ ही लोगों के हाथों में था। लेकिन सोशल मीडिया के इस दौर ने आज प्रत्येक व्यक्ति को पत्रकार बना दिया है। जिस व्यक्ति के हाथ में एंड्रायड फोन है वही पत्रकार है। इससे नागरिक पत्रकारिता का महत्व बहुत बढ़ा है। कोरोना काल ने पत्रकारिता के स्वरुप को बिल्कुल बदल दिया है। कोरोना काल में व्यक्ति के अंदर छिपा हुआ पत्रकार जागा है वहीं कोरोना काल में जरुरतमंद लोगों तक मदद पहुंचाने में सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम भी बना है। यह बात राष्ट्रीय विचारक अनिल कुमार ने शुक्रवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में विश्व संवाद केंद्र हरियाणा व विश्वविद्यालय के आउटरीच विभाग के संयुक्त तत्वधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय नागरिक पत्रकारिता कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। चौधरी रणबीर सिंह कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत ढांडा ने शिरकत करके जानकारी दी।

### युवा सोशल मीडिया पर सकारात्मक बनें

**सफीदों ।** सफीदों बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सियाराम भारद्वाज ने सफीदों के आसपास के इलाकों के लोगों, विशेष कर युवा पीढ़ी से सोशल मीडिया में सकारात्मक भागीदारी करने का आग्रह किया है। भारद्वाज ने अनेक सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर इस आशय की अपील करते हुए सोशल मीडिया में सक्रिय लोगों से आग्रह किया है कि वे फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम आदि आगे बढ़ने का अच्छा जरिया हैं, इनमें बेतुकी प्रस्तुतियों को पोस्ट करने व इन्हें देखने से परहेज करें और केवल लाभकारी प्रस्तुतियों पर ही ध्यान दें। उन्होंने आग्रह किया है कि स्कूली बालकों को मोबाइल फोन के अत्यधिक प्रयोग से बचाया जाना चाहिए, क्योंकि आंखों की रोशनी पर असर पड़ता है।

## पन सदन की बैठक की मांग को लेकर डीसी से मिले पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** विकास कार्यों को लेकर डीसी से मिलने पहुंचे पार्षद। फोटो :हरिभूमि

वार्डों में विकास कार्य करवाने और नगर परिषद में सदन की बैठक बुलाने की मांग को लेकर पार्षदों ने शुक्रवार को डीसी प्रीति से मुलाकात की है। डीसी से मिलने के लिए वार्ड नंबर 11 की पार्षद सुशीला शर्मा, वार्ड नंबर चार से महेश गोगिया, वार्ड नंबर 28 मोहन लाल शर्मा, विकास, बलजीत, प्रतिनिधि दिनेश शर्मा, अनिष गुप्ता, नीलू भाटिया, बिल्लू धीमान जिला सचिवालय में पहुंचे। इस दौरान पार्षदों ने अपनी मांगों का एक ज्ञापन डीसी को सौंपा।

वार्ड नंबर 28 के पार्षद मोहन लाल ने बताया कि कुछ महीने पहले पार्षदों ने हाउस की बैठक बुलाने के लिए नप के कार्यकारी अधिकारी को पत्र सौंपा था। इसके बाद भी बैठक नहीं बुलाई गई है। इसके अलावा कांग्रेस समर्थित कुछ पार्षदों के साथ विकास कार्यों को लेकर भेदभाव किया जा रहा है। आरोप है कि उनके वार्डों में करीब दो साल से कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है। कई बार अधिकारियों को विकास कार्यों की सूची दे चुके हैं, लेकिन उसके बाद भी काम नहीं हो रहे हैं। नगर परिषद में नए अधिकारी आए हुए हैं।

---

## कैथल की कॉलोनी से भाई-बहन लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा के कैथल शहर की एक कॉलोनी सगे भाई-बहन लापता हो गए। दोनों बच्चे रात को घर से निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे। परिजनों ने काफी तलाश की, फिर भी उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली।

मामले में पिता ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। बच्चों के पिता ने सिविल लाइन थाना में दी शिकायत में बताया कि उसके दो बच्चे हैं। लड़की की उम्र 12 वर्ष और लड़का 15 साल का है। 27 फरवरी को रात करीब साढ़े 8 बजे दोनों भाई-बहन बिना बताए घर से कहीं चले गए। तलाश करने पर नहीं मिली जानकारी शुरू में उन्हें लगा कि पड़ोस के किसी घर में गए होंगे, लेकिन काफी तलाश के बाद भी बच्चे नहीं मिले। इसके बाद उन्होंने अपने रिश्तेदारों के पास पता किया, लेकिन वहां भी बच्चों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। शिकायतकर्ता ने दोनों बच्चों को ढूंढने की मांग की है। सिविल लाइन थाना एसएचओ शिवकुमार ने बताया कि पुलिस ने लापता होने संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है, बच्चों की तलाश की जा रही है।

## डीएसपी सुशील प्रकाश के नेतृत्व में एनएसएस कर्मियों बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** डीएसपी सुशील प्रकाश अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

डीएसपी सुशील प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस लाइन कैथल में एनएसएस के नोडल ऑफिसर की मीटिंग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम दौरान नेहरू युवा केंद्र संगठन की कॉर्डिनेटर दीक्षा शर्मा, डिप्टी सीएमओ कैथल, एनएसएस के नोडल ऑफिसर तथा कालेज के प्रोफेसर मुख्य रूप से मौजूद रहें। डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि युवाओं को मेरा भारत पोर्टल पर जाकर पंजीकरण करना होगा। यह पोर्टल छात्र पुलिस अनुभवात्मक शिक्षण प्रदान करेंगा। इस पोर्टल के माध्यम से युवाओं की क्षमता, रचनात्मक और सृजनात्मक ऊर्जा का बेहतर उपयोग करने के लिए, युवा मामले विभाग व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण के दोहरे उद्देश्यों को पूरा करेंगा। इसमें युवाओं के व्यक्तित्व का विकास करना और उन्हें अपने क्षेत्रीय संगठनों और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विभिन्न राष्ट्र निर्माण गतिविधियों में शामिल करना है।



**कैथल।** फोन लोटाते हुए डीएसपी गुरविंद्र सिंह। फोटो :हरिभूमि

### व्यक्तियों के गुम हुए करीब 2.08 लाख रुपये के मोबाइल फोन कैथल पुलिस द्वारा किए गए ट्रेस

**कैथल।** एक स्पेशल मुहिम के तहत साइबर सैल कैथल पुलिस द्वारा 13 व्यक्तियों के गुमशुदा महंगे मोबाइल फोन ट्रेस आउट करके बरामद कर लिए गये। जिन्हें शुक्रवार की सुबह डीएसपी गुरविंद्र सिंह द्वारा कार्यालय में उनके मालिकों के सुपुर्द कर दिया गया। बरामद किए गए सभी 13 मोबाइल फोन करीब 2.08 लाख रुपए से ज्यादा मूल्य के आंके गए है। अपने गुम हो चुके मोबाइल फोन के मिलने की उम्मीद गंवा चुके उक्त लोगों की प्रसन्नता देखते ही बनती थी, जो कैथल पुलिस का धन्यवाद करते थक नहीं रहे थे। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि एसपी राजेश कालिया के आदेश की अनुपालना करते हुए साईबर सेल इंचार्ज पीएसआई अमन कुमार की अगुवाई में साइबर सेल द्वारा गुमशुदा मोबाइल फोन के मामलों की जांच के दौरान हरियाणा के विभिन्न अलग-अलग स्थानों से उन व्यक्तियों को ट्रेस किया गया, जो उक्त गुमशुदा फोन को लावारिश हालात में मिलने उपरांत यूज कर रहे थे। जिनके कब्जे से नियमानुसार कार्रवाई अंतर्गत पुलिस द्वारा फोन जब्त कर लिए गये।

---



**कैथल।** हवन में आहुति डालते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### सात दिवसीय होलात्मक महायज्ञ शुरू

**कैथल।** शहर की हनुमान वाटिका के मंदिर में शुक्रवार को सात दिवसीय होलात्मक महायज्ञ की शुरूआत हुई। इस महायज्ञ के शुभारंभ पर शहर की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। बता दें कि यह यज्ञ श्री हनुमान मंदिर सुधार समिति की ओर से शहर की सुख-समृद्धि और शांति के लिए आयोजित किया जा रहा है। यज्ञ के शुभारंभ पर निकाली गई कलश यात्रा की शुरूआत महाराजा अग्रसेन भवन से शुरू हुई, जो करनाल रोड व नए बस स्टैंड से होते हुए वाटिका के मुख्य गेट से यज्ञ कुंड तक पहुंची। महायज्ञ के पहले दिन 31 यजमानों ने यज्ञ में आहूति डाली। इस मौके पर वाराणसी से पहुंचे आचार्य वीनित अवस्थी ने अपने 30 ब्राह्मणों की टीम के साथ यज्ञ में पूजा-अर्चना करवाई। इस कार्यक्रम की देखरेख मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित विशाल शर्मा की ओर से की जा रही है। मंदिर समिति की कार्यकारिणी के अनुसार यह यज्ञ छह मार्च तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे शुरू होगा और शाम को सात बजे के बाद यज्ञ की आरती आयोजित की जाएगी। मंदिर समिति के प्रधान कैलाश बंसल ने बताया कि शुक्रवार से शहरवासियों व अन्य गणमान्य लोगों के सहयोग से वाटिका के मंदिर परिसर में शुक्रवार कसे सात दिवसीय महायज्ञ की शुरूआत हो चुकी है।

### एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में आयोजन

## शैक्षणिक परिषद की मीटिंग में कई प्रस्तावों को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल की शैक्षणिक परिषद में उपस्थित अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल की शैक्षणिक परिषद (एकेडमिक काउंसिल) की आज आयोजित 107वीं बैठक में कई अहम शैक्षणिक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कुलपति प्रो. डॉ. शमीम अहमद की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभिन्न प्रस्तावो को मंजूरी दी गई। मीटिंग की शुरूआत में कुलपति महोदय ने अकादमी काउंसिल के सभी सदस्यों का स्वागत किया और मीटिंग संचालन को अपनी मंजूरी दी। शैक्षणिक परिषद की इस बैठक में विभिन्न संबद्ध विभागो में विभिन्न पाठ्यक्रमों को नए शैक्षणिक सत्र में शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। डीन, एकेडमिकस प्रो. आर.के. गुप्ता ने शैक्षणिक परिषद की मीटिंग में सभी प्रस्ताव को विस्तार से पदाकर्म अनुसार रखा। शैक्षणिक परिषद के सदस्य के रूप में शिरकत करते हुए पूर्व कुलपति डॉक्टर स रोज पटियाला ने एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय कैथल की एकेडमिक अचीवमेंट पर बधाई और कहा कि विश्वविद्यालय लगातार एकेडमिक स्तर पर प्रगति कर रहा है। उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा की ओर से नॉमिनी के रूप में शैक्षणिक परिषद की मीटिंग में शिरकत करने पहुंचे डॉ. अजीत सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के द्वारा किए जा रहे प्रयासों सराहना करते हुए वर्तमान शिक्षा प्रणाली स्किल बेस्ड है और इसी को ध्यान में रखते हुए हर शिक्षण संस्थान को नीतियां बनानी होगी। शैक्षणिक परिषद की इस बैठक में स्पेशल इनवाईटी के रूप में डॉक्टर के के कटारिया एडिशनल डायरेक्टर तकनीकी शिक्षा विभाग हरियाणा एवं प्रोफेसर डॉ सुमन कांत, पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज चंडीगढ़ ने शिरकत की। डीन कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डॉ. रेखा गुप्ता ने शैक्षणिक परिषद की मीटिंग के समापन पर सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ राजीव दहिया, डीन रिसर्च डॉ विनय पवार, पोलीडॉ. डीन स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस डॉक्टर मुकेश राणा, परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर मंजीत जाखड़, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार शामिल हुए।